## एक नजर में

### तेरहवीं कार्यक्रम में हंगामा, मारपीट कर फाड़े कपड़े

इंदौर. राऊ क्षेत्र में आयोजित तेरहवीं कार्यक्रम के दौरान एक पारिवारिक विवाद ने अचानक तूल पकड़ लिया. कार्यक्रम के बीच पहुंचे युवक ने गाली-गलौज कर एक व्यक्ति से मारपीट की और उसकी शर्ट फाड़ दी. घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. राऊ थाने में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार विवाद सूर्य मंदिर प्रांगण, केट रोड राऊ में उस समय हुआ जब सहकार नगर निवासी जितेन्द्र पाठक अपने स्वजन के तेरहवीं कार्यक्रम में शामिल थे. इसी दौरान आशीष पाठक निवासी वैभव नगर वहां पहुंचा और पहले से चल रहे पारिवारिक विवाद को लेकर उलझ गया. फरियादी ने पुलिस को बताया कि आरोपी आशीष ने आरोप लगाया कि उसके पिता से बीते दिन झगड़ा किया गया था और इसी बात पर वह भड़क गया. उसने मौके पर मौजूद जितेन्द्र पाठक को गालियां देना शुरू कर दिया. जब उसे रोका गया, तो उसने लात-घूंसों से हमला कर दिया और गले से पकड़कर उनकी शर्ट फाड़ दी. बीच-बचाव करने आए फरियादी के भाई देवेन्द्र पाठक को भी आरोपी ने अपशब्द कहे. पुलिस ने जितेन्द्र पाठक की शिकायत पर आशीष के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और धमकी देने की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है. मामले की जांच की जा रही है. पुलिस का कहना है कि जरूरत पड़ने पर अन्य लोगों के भी बयान लिए जाएंगे.

### विधवा बहू को दहेज के लिए सताया बेटे सहित आधी रात घर से निकाला

इंदौर. हीरानगर थाना क्षेत्र में ससुराल पक्ष ने 5 लाख रुपए की मांग पूरी न होने पर एक विधवा महिला से मारपीट कर उसे बेटे सहित घर से निकाल दिया. पुलिस ने दहेज प्रताड़ना, मारपीट और जान से मारने की धमकी की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. हीरानगर थाना प्रभारी पीएल शर्मा ने बताया कि रामकृष्ण बाग कॉलोनी में रहने वाले 32 वर्षीय शिवानी ने शिकायत में बताया कि शारदा नगर स्थित ससुराल पक्ष ससुर राजेन्द्र शर्मा, सास संतोष शर्मा और ननद पलक पिछले कई माह से लगातार 5 लाख रुपए की मांग कर रहे थे. पति रजत शर्मा की मृत्यु के बाद यह दबाव और बढ़ गया. शिवानी का आरोप है कि 26 ?मई की रात करीब एक बजे आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए उसकी पिटाई की और महज़ पहने हुए कपड़ों में बेटे समेत घर से निकाल दिया. जाते जाते यह धमकी भी दी कि पैसे जुटाए बिना वापस लौटी तो दोनों की हत्या कर दी जाएगी. पीड़िता के बयान के आधार पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ दहेज निषेध अधिनियम और भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है. मामले में थाना प्रभारी का कहना है कि आरोपियों की तलाश जारी है और मामले की विस्तृत पड़ताल के लिए पड़ोसियों व रिश्तेदारों के बयान भी लिए जा रहे हैं.

### छेड़छाड़ से तंग आकर महिला ने की थी आत्महत्या

इंदौर. तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में एक विवाहिता द्वारा की गई आत्महत्या के मामले में पुलिस जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है. महिला के साथ उसके ही रिश्तेदार और एक अन्य युवक द्वारा लगातार छेड़छाड़ की जा रही थी, जिससे मानसिक रूप से परेशान होकर उसने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी. ॉ एसीपी ने बताया कि 2 जून को ग्राम असरावद खुर्द 26 वर्षीय निवासी नेहा पति सोनू कर्मा ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी. प्रारंभिक तौर पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की थी. पति और अन्य परिजनों के बयान दर्ज करने के बाद यह स्पष्ट हुआ कि नेहा को उसके पति का मौसेरा भाई राजा कर्मा निवासी ग्राम पोटला, जिला देवास और उसका साथी रवि भावसार निवासी ग्राम गुराड़िया, जिला देवास लंबे समय से मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे. दोनों आरोपी महिला के साथ छेड़छाड़ करते थे और उसे लगातार परेशान कर रहे थे. पुलिस जांच में इन तथ्यों की पुष्टि होने के बाद अब दोनों युवकों के खिलाफ आत्महत्या के लिए प्रेरित करने की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है. पुलिस का कहना है कि मामले में जल्द ही गिरफ्तारी की कार्रवाई भी की जाएगी.

### रेलवे ट्रैक पर युवक की संदिग्ध मौत



इंदौर. राजेन्द्र नगर इलाके में रेलवे ट्रैक पर एक युवक की ट्रेन से कटी लाश मिलने से सनसनी फैल गई. मृतक की पहचान एमवाय अस्पताल में कार्यरत लैब टेक्नीशियन के रूप में हुई है. घटना के बाद परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है और मामले की गंभीर जांच की मांग की है. घटना देर रात की बताई जा रही है, जब रेतीमंडी रेलवे ट्रैक पर युवक का शव क्षत-विक्षत हालत में पड़ा मिला. सूचना मिलने पर जीआरपी की टीम मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा. मृतक की पहचान 25 वर्षीय देव वास्केल, निवासी ईशकुंज कॉलोनी बिजलपुर, के रूप में की गई है. मौके से एक बाइक बरामद हुई है, जिस पर डॉक्टर का लोगों चिपका हुआ था. वहीं मृतक के बैग से खून के सैंपल भी बरामद किए गए हैं, जिससे साफ है कि युवक ड्यूटी से लौट रहा था. परिजनों का कहना है कि देव मानसिक रूप से स्वस्थ था और आत्महत्या जैसा कोई संकेत नहीं था. उनका आरोप है कि किसी ने उसे धक्का देकर ट्रेन से कटने की स्थिति में डाला है. फिलहाल जीआरपी ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और कॉल डिटेल्स भी खंगाले जा रहे हैं ताकि घटना के पीछे की सच्चाई सामने लाई जा सके.

### युवक ने फावड़े से किया हमला

इंदौर. सिमरोल थाने में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार घटना शिवनगर स्थित पुरानी खदान के पास की है. घायल रवि डावर, निवासी पिवड़ाय, अपने छोटे भाई राहुल के साथ उसके ससुराल ग्राम शिवनगर आया था. इसी दौरान राहुल का साला बबलू पिता मंगासिंह नशे की हालत में गालियां दे रहा था. फरियादी रवि ने पुलिस को बताया कि जब उसने बबलू को गाली देने से रोका तो आरोपी ने मारपीट शुरू कर दी और पास ही रखा फावड़ा उठाकर सिर पर वार कर दिया. हमले में रवि के सिर में गंभीर चोट आई और खून बहने लगा. मामले में बबलू के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है. घायल को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया है. फिलहाल आरोपी फरार है और पुलिस उसकी तलाश में जुटी है.

### गरीब विद्यार्थियों का किया सम्मान



देपालपुर. समीप के गांव बाड़ोली होज में एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल ने गरीब छात्रों को किताबें और आर्थिक सहायता प्रदान की। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य शिक्षा से वंचित बच्चों को प्रोत्साहित करना और उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव रखना था. कार्यक्रम की मेज़बानी पूर्व सरपंच श्री वासुदेव परमार द्वारा की गई, जिन्होंने भी अपनी ओर से उन विद्यार्थियों को सम्मान निधि प्रदान की, जो आर्थिक कारणों से शिक्षा से पिछड़ रहे हैं. श्री पटेल ने अपने उद्बोधन में शिक्षा के अधिकार अधिनियम की महत्वता पर प्रकाश डालते हुए समाज को इसके प्रति जागरूक किया. गांव के अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति ने इस आयोजन को गरिमा प्रदान की और सामूहिक समर्थन से बच्चों को शिक्षा की ओर प्रेरित करने का संदेश दिया गया.

## झूठे केस में फंसाने की देता था धमकी

- दृष्टिबाधित मां से लूटपाट करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**इंदौर. अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र में एक युवक ने अपने साथी की दृष्टिबाधित मां को छेड़छाड़ के झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर न सिर्फ जेवर व नकदी लूट ली, बल्कि कार भी हड़प ली. पुलिस ने इस मामले में तुरंत कार्रवाई करते हुए चार घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लूटा गया सामान बरामद कर लिया है.**

एडिशनल डीसीपी आनंद यादव ने बताया कि फरियादी अभिषेक दुबे निवासी अलंकार पैलेस, केसरबाग रोड ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज करवाई थी. उन्होंने बताया कि वे अपनी 75 वर्षीय दृष्टिबाधित मां सरोज दुबे के साथ रहते हैं और खाना पकाने में असमर्थ होने के कारण एक टिफिन सेंटर से भोजन मंगवाते हैं. यह टिफिन सेंटर एक महिला द्वारा संचालित किया जाता है और उसकी बेटी रोजाना टिफिन लेकर दुबे परिवार के घर आती थी. इसी दौरान महिला का मुंहबोला भाई रोमित देवरे निवासी गायत्री नगर उनके घर आने-जाने लगा. फरियादी ने पुलिस को यह भी बताया कि 28 जून से 1 जुलाई के बीच रोमित ने कई बार धमकी दी कि वह टिफिन लाने वाली लड़की के साथ छेड़छाड़ की झूठी शिकायत कर देगा. उसने गाली-गलौज और मारपीट भी की और बीयर की बोतल दिखाकर जान से मारने की धमकी दी. डर के माहौल में आरोपी ने अभिषेक की दृष्टिबाधित मां के हाथों से सोने-चांदी की अंगूठियां और 19 हजार रुपए लूट लिए. इसके बाद आरोपी ने 2 लाख रुपए की अवैध वसूली की मांग की और तब तक के लिए सरोज दुबे के नाम पंजीकृत कार नम्बर एमपी 09 सी क्यू 8754 के दस्तावेज सहित कार भी ले गया.

### चार घंटे में किया गिरफ्तार

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत चार घंटे में आरोपी रोमित देवरे को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने आरोपी के पास से लूटे गए जेवर, नकदी और कार बरामद कर ली है. फिलहाल आरोपी से विस्तृत पूछताछ की जा रही है, साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि उसने इस प्रकार की धमकी और ठगी की वारदातें कहीं और भी तो नहीं की हैं.

## गृहकलह में महिला ने खाया ज़हर, मौत



इंदौर. मामूली कहासुनी के बाद घरेलू विवाद ने दर्दनाक मोड़ ले लिया. गांधी नगर थाना क्षेत्र के शंकर नगर में रहने वाली 35 वर्षीय महिला ने कथित रूप से जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई. लक्ष्मीबाई गांगोड़े का अपने पति रामप्रसाद से किसी बात को लेकर रात विवाद हुआ था. पारिवारिक लोगों ने बतायाकि यह तकरार किसी सामान्य घरेलू मुद्दे पर हुई थी, लेकिन स्थिति इतनी बिगड़ गई कि क्षुब्ध होकर महिला ने ज़हरीली वस्तु का सेवन कर लिया. परिजनों ने तत्काल उसे उपचार के लिए एमवाय अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. मामले की सूचना मिलने पर गांधी नगर थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस यह भी पता लगा रही है कि घटना के पीछे कोई अन्य कारण या मानसिक प्रताड़ना की स्थिति तो नहीं थी. फिलहाल महिला के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है.

## एक ने ज़हर तो दूसरे ने फांसी लगाकर दी जान

- शहर में दो आत्महत्या की घटनाएं

**इंदौर. शहर में आत्महत्या की दो अलग-अलग घटनाओं से सनसनी फैल गई है. परदेशीपुरा और द्वारकापुरी थाना क्षेत्रों में दो युवकों ने अलग-अलग कारणों से जान दे दी. दोनों मामलों में आत्महत्या के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है और पुलिस जांच में जुटी है.**

पहली घटना में परदेशीपुरा इलाके में रहने वाले 25 वर्षीय आशीष पिता मनोज ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली. परिजन जब तक उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. प्रारंभिक जांच में आत्महत्या की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है. परिजनों और परिचितों से पूछताछ की जा रही है ताकि मानसिक दबाव या अन्य संभावित कारणों की जानकारी मिल सके. इसी तरह दूसरी घटना द्वारकापुरी थाना क्षेत्र की है, जहां 35 वर्षीय रामकरण पिता रमेश ने अपने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. बताया जा रहा है कि आत्महत्या से कुछ देर पहले ही रामकरण बाजार से चिकन खरीदकर लाया था और घर पहुंचने के कुछ समय बाद अपने कमरे में चला गया. कुछ देर बाद जब वह बाहर नहीं आया तो परिजन ने दरवाजा तोड़ा, जहां वह फंदे पर लटका मिला. पुलिस दोनों मामलों में आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है. दोनों ही मामलों में पुलिस का कहना है कि परिजनों के बयान लिए जा रहे हैं और मृतकों के मोबाइल व अन्य निजी पहलुओं की भी पड़ताल की जा रही है.

## युवती ने एसिड पिया इलाज के दौरान मौत

**इंदौर. लसूड़िया थाना क्षेत्र में रहने वाली 19 वर्षीय महिला ने दो दिन पहले कथित रूप से एसिड पी लिया था, जिसके चलते उसकी हालत गंभीर हो गई. उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई.**

लसूडिया थाने में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार मृतका की पहचान मेमबी पति अमान पटेल निवासी नरवल के रूप में हुई है. गंभीर हालत में उसे बाम्बे अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां लगातार इलाज चल रहा था. हालत में सुधार न होने पर उसकी मौत हो गई. रात में ही शव को एमवाय अस्पताल लाया गया, जहां पोस्टमार्टम कराया. फिलहाल लसूड़िया पुलिस मामले की जांच कर रही है कि युवती ने एसिड क्यों पिया था यह आत्महत्या का मामला है या फिर इसके पीछे कोई दबाव या प्रताड़ना का कारण है. परिजनों के बयान लिए जा रहे हैं और परिस्थितिजन्य साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मौत की वजहों की जांच शुरू कर दी है.

## ट्रांसफ़ॉर्मर से निकली चिंगारी, लाइनमैन झुलसा

**इंदौर. चंदननगर नाका रोड पर लंबे समय से अनदेखी झेल रही एक वितरण पैनल डीपी दोपहर हादसे का कारण बन गई. मेंटेनेंस के लिए भेजे गए बिजली विभाग के आउटसोर्स कर्मचारी को अचानक उठी चिंगारियों ने झुलसा दिया, जबकि पास खड़े दो रहवासियों पर भी चिंगारियां गिरीं.**

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक रामानंद नगर की इस डीपी में पिछले पन्द्रह दिनों से खराबी बनी हुई थी. स्थानीय लोगों ने विभाग को कई बार मेंटेनेंस के लिए चेताया, मगर कोई कार्रवाई नहीं हुई. दोपहर में



आउटसोर्स लाइनमैन मोहम्मद अली फेस बांधने के लिए पैनल पर चढ़े ही थे कि तेज स्पार्किंग हुई और उनका दायां हाथ बुरी तरह झुलस गया. घायलों को तुरंत पास के निजी अस्पताल ले जाया गया. क्षेत्रवासी ने पुलिस को बताया कि लापरवाही का यह पहला मामला नहीं है. दो हफ़्ते पहले ही आउटसोर्स कर्मचारी विशाल एक पोल पर चढ़ते समय फिसलकर घायल हो था. इसके बावजूद सुरक्षा उपकरण, मेंटेनेंस और सुपरविजन जैसे बुनियादी इंतज़ाम नहीं किए जा रहे. मौके पर मौजूद लोगों का आरोप है कि हादसे की सूचना देने के बावजूद कोई वरिष्ठ अधिकारी अस्पताल तक नहीं पहुंचा.

### हो सकता है बड़ा हादसा

रहवासियों ने चेतावनी दी है कि अगर मेंटेनेंस और कर्मचारियों की सुरक्षा पर तुरंत ध्यान नहीं दिय, तो बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता. मामले में बिजली कंपनी के जिम्मेदार अधिकारियों का पक्ष समाचार लिखे जाने तक नहीं मिल सका. पुलिस और विभागीय टीम ने दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है.

## भ्रष्टाचार के गंभीर मामले में फिर खुले अभियोजन के दरवाज़े

***550 प्रतिशत अनुपातहीन संपत्ति मामले में हाईकोर्ट ने रद्द किया पूर्व आदेश, लोकायुक्त को मिली बड़ी राहत***

इंदौर. मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय, इंदौर खंडपीठ ने 550 प्रतिशत से अधिक अनुपातहीन संपत्ति के एक चर्चित मामले में बड़ा फैसला सुनाया है. न्यायमूर्ति विवेक रूसिया और न्यायमूर्ति विनोद कुमार द्विवेदी की युगल पीठ ने लोकायुक्त संगठन की पुनर्विचार याचिका स्वीकार करते हुए 17 अगस्त 2024 को पारित उस आदेश को निरस्त कर दिया है, जिसके तहत तत्कालीन जिला आबकारी अधिकारी जगदीश राठी के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति सहित समूची आपराधिक प्रक्रिया पर विराम लगा दिया गया था. लोकायुक्त संगठन के लिए यह निर्णय एक बड़ी कानूनी राहत के रूप में देखा जा रहा है, जिससे अब आरोपी के खिलाफ फिर से न्यायिक कार्यवाही शुरू हो सकेगी.

ऐसे हुई थी कार्रवाई प्रभावित- प्रकरण के अनुसार, लोकायुक्त पुलिस ने तत्कालीन आबकारी अधिकारी जगदीश राठी के निवास पर छापा मारकर 550 प्रतिशत से अधिक अनुपातहीन संपत्ति उजागर की थी. जांच उपरांत आरोप-पत्र भी तैयार कर दिया गया था. लेकिन राठी ने अभियोजन स्वीकृति को उच्च न्यायालय में चुनौती दी और याचिका दायर की, जिसकी सुनवाई के लिए 29 अगस्त 2024 की तारीख नियत थी. हालांकि, आरोपी द्वारा मेंशन स्लिप के माध्यम से मामले को अचानक 17 अगस्त 2024 को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करवा लिया. उस दिन लोकायुक्त संगठन और राज्य शासन की ओर से जवाब प्रस्तुत करने हेतु समय मांगा गया, किंतु तत्कालीन पीठ ने समय देने से इनकार करते हुए अभियोजन स्वीकृति और पूरी कार्रवाई ही निरस्त कर दी. लोकायुक्त ने दी पुनर्विचार याचिका-इस आदेश को भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के प्रतिकूल मानते हुए लोकायुक्त संगठन ने पुनर्विचार याचिका दायर की, जिस पर वर्तमान पीठ ने सुनवाई करते हुए पूर्व आदेश को रद्द कर अभियोजन बहाल करने का रास्ता साफ कर दिया है.

### अब फिर होगी पेशी, कसा जाएगा शिकंजा

लोकायुक्त पुलिस अब आरोपी को जिला न्यायालय में पुन: प्रस्तुत करने की प्रक्रिया में जुट गई है. इस संवेदनशील मामले की तैयारी वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में की जा रही है. विशेष लोक अभियोजक प्रसन्ना प्रसाद, पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त इंदौर राजेश सहाय तथा उप पुलिस अधीक्षक स्तर के प्रभारी अधिकारी पूरे मामले की मॉनिटरिंग कर रहे हैं. लोकायुक्त संगठन का कहना है कि इस निर्णय से स्पष्ट संकेत गया है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रदेश की जीरो टॉलरेंस नीति केवल कागजों तक सीमित नहीं है, बल्कि उसे न्यायालय भी गंभीरता से ले रहा है.

## पुरानी रंजिश में पिता-पुत्र पर हमला

इंदौर. क्षिप्रा थाना क्षेत्र के ग्राम मच्छुखेड़ी में पुराने विवाद की रंजिश में एक ही परिवार के तीन लोगों पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया. हमले में पिता-पुत्र और उनके रिश्तेदार को गंभीर चोटें आई हैं. घायल सद्दाम पटेल ने पुलिस को बताया कि वह अपने पिता अरबअली पटेल और चाचा अब्दुल के साथ घर के बाहर मौजूद था, तभी गब्बर पिता सिकंदर पटेल और उसका बेटा साहिल पिता गब्बर पटेल वहां पहुंचे और पुराने झगड़े को लेकर विवाद करने लगे. फरियादी ने पुलिस को यह भी बताया कि आरोपियों ने पहले गालियां दीं और फिर हाथ मुक्कों से मारपीट शुरू कर दी. इसके बाद उन्होंने तलवार जैसी धारदार चीज से सिर, गर्दन और शरीर के अन्य हिस्सों पर वार किए. हमले में सद्दाम को सिर में, पिता अरबअली को सिर, गर्दन और पैर में चोटें आईं, वहीं चाचा अब्दुल को सिर और कंधे पर गंभीर जख्म लगे. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. आरोपियों के खिलाफ जानलेवा हमला, गाली-गलौज और धमकी देने जैसी धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है. पुलिस का कहना है कि जल्द ही दोनों की गिरफ्तारी की जाएगी. गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस ने एहतियातन निगरानी बढ़ा दी है.

## ब्राउन शुगर के साथ दो युवक गिरफ्तार

- अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 2 लाख

**इंदौर. क्राइम ब्रांच ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है. दोनों आरोपी नशे के आदी हैं और शहर में ब्राउन शुगर की तस्करी में लिप्त थे, पुलिस ने इनके कब्जे से करीब 14.87 ग्राम ब्राउन शुगर तथा एक मोटरसाइकिल जब्त की है.**

यह कार्रवाई भैरव मंदिर के पास शिवाजी नगर क्षेत्र में की गई, जहां आरोपी संदिग्ध हालत में मोटरसाइकिल पर बैठे हुए नजर आए और पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगे, उन्हें मौके पर ही घेराबंदी कर दबोच लिया. गिरफ्तार आरोपी 29 वर्षीय शुभम मलैया निवासी छत्रीपुरा, शिक्षा- 5 वीं तक पढ़ा हुआ पेशा- सीतलामाता बाजार में कपड़ों की दुकान पर कार्यरत आरोपी पर पहले से आधा दर्जन मामले दर्ज है. वहीं 27 वर्षीय अमन नरवरिया निवासी इंदिरा नगर,



मल्हारगंज 9वीं तक पढ़ा हुआ है और कपड़ों की दुकान पर कार्यरत था. पुलिस की पूछताछ में दोनों आरोपियों ने कबूला कि वे खुद भी नशे के आदी हैं और सस्ते दामों में ब्राउन शुगर खरीदकर शहर के नशेड़ियों को महंगे दामों पर बेचते थे. यह सिलसिला काफी समय से चल रहा था. पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मामले में जांच शुरू कर आरोपियों के नेटवर्क की जांच कर रही है.

## इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी से धकाकर युवती से वसूल रहा था रूपए

*लसूड़िया पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार*

**इंदौर. इंस्टाग्राम पर युवती की फर्जी प्रोफाइल बनाकर उसे बदनाम करने और ब्लैकमेल कर पैसे वसूलने वाले आरोपी को लसूडिया पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. आरोपी की पहचान शारिक पिता अब्दुल हकिम, निवासी 211 बेगम बाग, उज्जैन के रूप में हुई है.**

सहायक पुलिस आयुक्त विजय नगर आदित्य पटले ने बताया कि फरियादिया ने 5 जुलाई को थाना लसूडिया में रिपोर्ट दर्ज कराई थी. शिकायत के अनुसार, आरोपी से इंस्टाग्राम पर 9-10 माह पूर्व जान-पहचान हुई थी. बाद में आरोपी ने युवती की इंस्टाग्राम से सामान्य तस्वीरें डाउनलोड कर उसके नाम से फर्जी आईडी बना ली और उस पर अश्लील सामग्री पोस्ट करने लगा. साथ ही युवती के मोबाइल नंबर भी सार्वजनिक कर दिए. आरोपी लगातार धमकी देकर




15,000 रुपये वसूल चुका था और आगे भी पैसे की मांग कर रहा था। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आईटी एक्ट और बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया. विवेचना के दौरान आरोपी शारिक को उज्जैन से गिरफ्तार कर लिया गया है. पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि आरोपी ने इस तरह की हरकतें पहले और किन-किन लोगों के साथ की हैं.

**पौधारोपण** हरियाली महोत्सव के तहत इंदौर पुलिस का अभियान, पीटीसी में लगाए औषधीय व उपयोगी पौधे

## पौधारोपण कर दिया पर्यावरण बचाने का संदेश

**इंदौर. पर्यावरण संरक्षण को लेकर समाज को जागरूक करने की पहल में अब पुलिस भी सक्रिय भूमिका निभा रही है. हरियाली महोत्सव के तहत इंदौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा वृहद पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें पीटीसी मैदान में सैकड़ों पौधे रोपे गए.**

यह आयोजन पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह की अगुवाई में हुआ, जिसमें वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से लेकर नवआरक्षक प्रशिक्षुओं तक सभी ने भाग लिया. इस अवसर पर नीम, आम, पीपल, जामुन और आंवले जैसे औषधीय एवं बहुउपयोगी पौधों का रोपण किया गया. राज्य शासन और पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशों के तहत 1 से 7 जुलाई तक हरियाली महोत्सव सप्ताह मनाया जा रहा है. इस दौरान शहर के विभिन्न पुलिस थानों, इकाइयों और कार्यालय परिसरों में




एक साथ वृक्षारोपण किया जा रहा है. पीटीसी में हुए कार्यक्रम में कानून-व्यवस्था, अपराध और मुख्यालय से जुड़े शीर्ष पुलिस अधिकारियों ने सहभागिता की. इस मौके पर पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने कहा स्वस्थ पर्यावरण बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है. इस दिशा में जितना भी योगदान दिया जाए, वह कम है. उन्होंने सभी नागरिकों से भी अपील की कि वे अपने घर, कार्यालय और मोहल्लों में एक-एक पौधा अवश्य लगाएं और उसका पालन-पोषण भी करें.

पुलिस अधिकारियों ने भी संभाली पर्यावरण की जिम्मेदारी- पौधारोपण कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था अमित सिंह, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अपराध/मुख्यालय मनोज कुमार श्रीवास्तव, डीसीपी जोन-3 हंसराज सिंह, डीसीपी अपराध राजेश त्रिपाठी, डीसीपी मुख्यालय प्रकाश परिहार, पीटीसी इंदौर के एसपी राजेंद्र कुमार वर्मा और एडीसीपी श्रीमती सीमा अलावा सहित अनेक पुलिस अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे. इंदौर पुलिस के इस अभियान को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सकारात्मक पहल माना जा रहा है, जिससे समाज में हरियाली और स्वच्छता के प्रति जागरूकता और भी बढ़ेगी.